# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ ।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com; Fax/☎ 05964-225234

पत्रॉकः– 2013 /12–1 दिनांक, पिथौरागढ़, 19, अक्टूबर, 2024 ।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, डीडीहाट।

**विषयः–** **जनपद पिथौरागढ़ के तहसील मुनस्यारी अंतर्गत जोशा से गांधीनगर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.95 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन प्रस्ताव में कतिपय आपत्तियों के निराकरण किये जाने के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भः–** **वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा का पत्रांक 835/12–1 दिनांक 27.09.2024।**

उपरोक्त विषयक प्रकरण के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त प्रकरण में वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड द्वारा अपने सन्दर्भित पत्र से कतिपय आपत्तियां उल्लेखित की गयी हैं। सन्दर्भित पत्र संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि प्रस्ताव में संलग्न प्रारुप 30.3 में ग्राम सचिव के हस्ताक्षर पूर्ण नहीं हैं व संलग्न प्रपत्रों को कमवार नहीं लगाया गया है।

अतः विषयक परियोजना के मूल प्रस्तावों को इस कार्यालय से प्राप्त कर प्रस्ताव में विषयसूची संलग्न करते हुए प्रपत्रों को कमवार लगाकर व प्रारुप 30.3 में ग्राम सचिव के हस्ताक्षर पूर्ण कर प्रस्ताव पुनः इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(आशुतोष सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।